चित्रकूट पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल के तहत जनपद के समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित

आज दिनांक 10.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(3). जनपद चित्रकूट में खेल भावना एवं पुलिसकर्मियों की शारीरिक व मानसिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज दिनांक 11.08.2026 को पुलिस लाइन चित्रकूट में "29वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स, रायफल/रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म इफीसियेंसी रेस प्रतियोगिता, प्रयागराज जोन वर्ष-2026" का भव्य शुभारम्भ किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक कारागार, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव रहे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा फीता काटकर एवं गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया गया।
शुभारम्भ के अवसर पर प्रयागराज जोन के 08 जनपदों - प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर एवं महोबा की पुलिस टीमों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। इसके पश्चात उन्होंने सभी जनपदों से आई टीमों के कैप्टनों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं।

अपने सम्बोधन में उपमहानिरीक्षक महोदय ने कहा कि "इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों के कौशल को निखारती हैं, बल्कि विभिन्न जनपदों के पुलिसकर्मियों के बीच आपसी समन्वय, भाईचारा एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ाती हैं। शूटिंग एवं अलार्म इफीसियेंसी जैसी प्रतियोगिताएं पुलिसकर्मियों की फिटनेस एवं ड्यूटी के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बेहतर बनाने में सहायक हैं।"

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह ने सभी आगंतुक टीमों का स्वागत करते हुए कहा कि चित्रकूट पुलिस द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन एवं चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है।
यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता दिनांक 11.08.2026 से 13.08.2026 तक पुलिस लाइन चित्रकूट के शूटिंग रेंज एवं परेड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में रायफल शूटिंग, रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग तथा अलार्म इफीसियेंसी रेस जैसी विभिन्न स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय,अधीक्षक जिला कारागार श्री कुश कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामशीष यादव, आरटीसी प्रभारी सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(4). श्रावण मास अमावस्या मेला को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 11.08.2026 को मंदाकिनी भवन, सीतापुर में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष कांत राय की उपस्थिति में मेला ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विस्तृत ब्रीफिंग की गई।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में स्नान एवं दर्शन हेतु आते हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं सुगम दर्शन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर समय से तैनात रहकर पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करें। ड्यूटी के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए मुख्य निर्देश:
1. सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने पास वायरलेस हैंडसेट एवं लाउड हेलर अवश्य रखें, जिससे आपात स्थिति में त्वरित संवाद स्थापित किया जा सके।
2. सभी जोनल एवं सेक्टर प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति एवं कार्यशैली का निरीक्षण करें।
3. स्नान घाटों, मंदिर परिसरों, पार्किंग एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर कड़ी नजर रखी जाए।
4. महिला श्रद्धालुओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु महिला पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।
5. यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान का कड़ाई से पालन कराया जाए।

मेला सुरक्षा व्यवस्थाः
मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु सम्पूर्ण पुलिस बल को 05 जोन एवं 15 सेक्टर में विभक्त किया गया है। तैनात बल का विवरण निम्नवत हैः
- अधिकारीगण : 07 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 09 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 27 निरीक्षक, 118 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 03 उपनिरीक्षक यातायात, 03 उपनिरीक्षक एलआईयू
- कर्मचारीगण : 367 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल नागरिक पुलिस, 76 महिला कांस्टेबल, 30 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 14 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल एलआईयू
- विशेष बल : 01 डॉग स्क्वायड, 01 बीडीएस टीम, 01 एसचेक टीम, पीएसी की 01 प्लाटून, फ्लड कंपनी की 01 प्लाटून

इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी फायर श्री यदुनाथ सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव एवं मेला ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने अंत में सभी को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय एवं तत्परता के साथ कार्य कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुखद दर्शन उपलब्ध कराया जाए।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर श्री यदुवीर सिंह के द्वारा वाद संख्या 2916/21 धारा 138 एन आई एक्ट

के वारंटी अभियुक्त श्याम सुंदर पटेल पुत्र शिव शंकर निवासी चित्र गोकुलपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।